# अवैध उत्खनन रोकने पहुंचे पटवारी को कुचलने की कोशिश, हाथ तोड़ा और पंचनामा फाड़कर भागे बदमाश

- देवगढ़-हिम्मतखेड़ी क्षेत्र में दिनदहाड़े वारदात
- आरोपियों पर जानलेवा हमले का मामला दर्ज करने की तैयारी

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे एक पटवारी पर खनन माफियाओं ने ऐसा हमला किया जिसने प्रशासनिक अमले की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देवगढ़ और हिम्मतखेड़ी पंचायत क्षेत्र में पदस्थ पटवारी अजय चौहान पर कथित खनन माफियाओं ने पहले बुलडोजर से कुचलने का प्रयास किया, फिर मारपीट कर उनका हाथ तोड़ दिया और शासकीय कार्रवाई का पंचनामा छीनकर फाड़ दिया। घायल पटवारी को प्राथमिक उपचार के बाद ऑपरेशन के लिए रतलाम के निजी अस्पताल रेफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार पटवारी अजय चौहान गांव के चौकीदार भगवानलाल के साथ शासकीय कार्य के दौरान क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे।

इसी दौरान नाले के पास अवैध उत्खनन करते हुए एक बुलडोजर मिला। पटवारी ने मशीन रुकवाकर दस्तावेज मांगे, लेकिन चालक वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद मौके पर पंचनामा बनाकर वाहन जब्त करने की कार्रवाई शुरू की गई।

बताया जाता है कि जब जब्त बुलडोजर और ट्राले को थाने ले जाने की तैयारी चल रही थी, तभी 4 से 5 बदमाश मौके पर पहुंचे और पटवारी के साथ अभद्रता करते हुए हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपियों ने बुलडोजर के बकेट से वार किया, फिर उनका हाथ वाहन के स्टीयरिंग में फंसाकर जोर से मरोड़ दिया, जिससे हाथ फ्रैक्चर हो गया।

हमलावर यहीं नहीं रुके। आरोप है कि उन्होंने ट्राले से पटवारी को कुचलकर जान से मारने की भी कोशिश की, लेकिन अजय चौहान किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। इसके बाद बदमाशों ने उनके बैग से शासकीय पंचनामा छीनकर फाड़ दिया ताकि कार्रवाई के साक्ष्य नष्ट किए जा सकें और मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद चौकीदार ने अन्य राजस्व अधिकारियों और ग्रामीणों को सूचना दी। घायल पटवारी को पहले आलोट के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रतलाम के निजी अस्पताल रेफर किया गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, हमलावर स्थानीय गांव के नहीं बल्कि मानुनिया महादेव क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। तहसीलदार वंदना किराड़े ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को लिखित प्रतिवेदन दे दिया गया है। शासकीय कार्य में बाधा, जानलेवा हमला और शासकीय दस्तावेज नष्ट करने सहित अन्य गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

बरखेड़ा थाना प्रभारी पतीराम डावरे ने बताया कि अस्पताल में घायल पटवारी के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। उनके आवेदन के आधार पर प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर तलाश शुरू कर दी गई है।

# बारिश ने रोकी रेल की रफ्तार, यात्रियों की बढ़ी चिंता

- मुंबई मंडल में जलभराव का असर, मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनें निरस्त और डायवर्ट

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** मुंबई मंडल के घोलवड-उमरगांव रोड रेलखंड में भारी बारिश के कारण हुए जलभराव ने रेल यातायात की रफ्तार थाम दी है। इसके चलते पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को निरस्त, परिवर्तित मार्ग से संचालित तथा शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट करना पड़ा है। इस बदलाव से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ सकती है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 23 जुलाई को बांद्रा टर्मिनस-हजरत निजामुद्दीन गरीब रथ एक्सप्रेस, मुंबई सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन अगस्त क्रांति राजधानी एक्सप्रेस, मुंबई सेंट्रल-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनस-रामनगर एक्सप्रेस और मुंबई सेंट्रल-अमृतसर गोल्डन टेम्पल एक्सप्रेस निरस्त कर दी गई हैं।

इसके अलावा 24 जुलाई को नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल राजधानी एक्सप्रेस और उदयपुर सिटी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस भी रद्द रहेंगी। वहीं 25 जुलाई को अमृतसर-मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस तथा श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस भी निरस्त की गई हैं। रेलवे ने कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है। हजरत निजामुद्दीन-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस, एर्नाकुलम-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस और खड़की-इंदौर स्पेशल निर्धारित मार्ग के बजाय वैकल्पिक रेलखंडों से संचालित की जाएंगी।

इसके साथ ही बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल और बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल को वडोदरा स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट और शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है, जिसके कारण वडोदरा और बांद्रा टर्मिनस के बीच इनका संचालन नहीं होगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। यात्री रेलवे की आधिकारिक पूछताछ वेबसाइट और रेलवन ऐप के माध्यम से ट्रेनों के समय, ठहराव और संचालन संबंधी नवीनतम अपडेट प्राप्त कर सकते हैं।

## वाहन दुर्घटना में घायल की इंदौर में मौत

**रतलाम।** नामली थाना क्षेत्र के धोंसवास गांव निवासी एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में लगी गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान मौत हो गई। चार दिनों तक जिंदगी के लिए संघर्ष करने के बाद उन्होंने इंदौर के एमवाय अस्पताल में अंतिम सांस ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सत्यनारायण (48) पिता शंभूलाल बलाई निवासी ग्राम धोंसवास, 18 जुलाई को एक वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पहले रतलाम मेडिकल कॉलेज और बाद में इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया गया था। उपचार के दौरान 22 जुलाई की शाम करीब 7:10 बजे उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत मर्ग कायम किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक हीरालाल चंदन कर रहे हैं। पुलिस दुर्घटना की परिस्थितियों और अन्य तथ्यों की जांच में जुटी है।

## जिले में अब तक 267 .63 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**रतलाम।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 267.63 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घंटों में रतलाम जिले में 30.63 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में आलोट में 14.00 मि.मी., जावरा में 78 मि.मी., ताल में 40.0 मि.मी., पिपलोदा मे 72.0 मि.मी., बाजना में 5.0 मि.मी., रतलाम में 5.0 मि.मी., रावटी में 5.0 मि.मी. एवं सैलाना में 26.0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केंद्र आलोट में 314.0 मि.मी., जावरा में 302.0 मि.मी., ताल में 245.0 मि.मी., पिपलोदा में 340.0 मि.मी., बाजना में 163.0 मि.मी., रतलाम में 339.0 मि.मी., रावटी में 189.0 मि.मी. एवं सैलाना में 249.0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

## मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त को

**रतलाम।** म.प्र. पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से प्रदेश के विद्यार्थियों में प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगो, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित कराने तथा पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय सागोद रोड़ रतलाम पर 7 अगस्त 2026 को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में शासकीय/अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते है। आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य/प्रबंधन द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला एवं क्विज के माध्यम से 03 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित टीम का पंजीयन 25 जुलाई 2026 तक सायं 5:30 बजे तक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन किया जा रहा है। वर्तमान में जिले के 162 विद्यालयों द्वारा पंजीयन किया गया है तथा शेष विद्यालयो से पंजीयन कराए जाने हेतु डीएटीसीसी व शिक्षा विभाग द्वारा संपर्क किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम चरण हेतु निर्धारित समय प्रातः 09.00 से 10.00 बजे तक पंजीयन कार्य तथा प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक लिखित प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें 06 सर्व श्रेष्ठ टीमो का चयन द्वितीय चरण के लिए किया जायेगा। दोपहर 12 से 2.30 बजे तक मूल्यांकन किया जायेगा। द्वितीय चरण में दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक क्विज प्रतियोगिता मल्टीमीडिया का आयोजन किया जायेगा, जिसमें शामिल 06 टीमों (18 विद्यार्थियों) में से 03 टीमो का चयन होगा जो जिले की टॉप 03 विजयी टीम कहलायेगी। जिले की प्रथम तीन विजेता टीमों को म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों में 02 रात्रि 03 दिन तथा शेष 03 उपविजेता टीमों को 01 रात्रि 02 दिन ठहरने हेतु कूपन प्रदाय किये जायेगे, शेष सभी प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र एवं उपहार दिए जायेगें। उक्त प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लिखित क्विज के प्रश्न पत्र में पर्यटन से संबंधित परिक्षेत्र, कला संवर्धन, आध्यात्म प्राकृतिक, सांस्कृतिक परिवेश, प्रदेश में फिल्मांकित फिल्म से संबंधित प्रश्न होगें।

# नगर निगम के 52 अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति

- 3 दशक से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों का सम्मान



नव भारत न्यूज

**रतलाम।** नगर पालिक निगम रतलाम के 52 अधिकारी एवं कर्मचारियों का वर्षों पुराना इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। करीब 30 वर्षों से पदोन्नति की बाट जोह रहे इन अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति मिलने के बाद गुरुवार को निगम सभागृह में सम्मान समारोह आयोजित किया।

समारोह में पदोन्नत अधिकारियों और कर्मचारियों ने महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, नेता प्रतिपक्ष (पक्ष नेता) भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेंद्र व्यास, महापौर परिषद के सदस्यों पप्पू पुरोहित, दिलीप गांधी, अक्षय संघवी, विशाल शर्मा, मनोहरलाल राजू सोनी, सपना त्रिपाठी तथा नव नियुक्त एल्डरमेन हेमंत राहौरी और नारायण सांकला का स्वागत एवं सम्मान किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि वर्तमान निगम परिषद शहर के विकास के साथ-साथ निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों के हितों को भी प्राथमिकता दे रही है। शासन के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में पदोन्नति का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि करीब तीन दशक से पदोन्नति का इंतजार कर रहे कर्मचारियों को अब उनका अधिकार मिला है। इससे न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि निगम के कार्यों में भी नई ऊर्जा और गति आएगी। संचालन कार्यालय अधीक्षक गोपाल झालीवाल ने किया। आभार उद्यान प्रभारी अनिल पारा ने माना।

# अनुपूरक अनुमान में रतलाम के 8 .67 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का प्रावधान

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** राज्य विधानसभा में 22 जुलाई को पारित 7 हजार 455 करोड़ से अधिक के प्रथम अनुपूरक अनुमान में रतलाम के 8 करोड़ 67 लाख रूपये की अनुमानित लागत के विकास कार्य सम्मिलित कर बजटीय प्रावधान किए गए हैं।

इनमें लेबड़-जावरा मार्ग पर आईपीसीए फैक्ट्री सेजावता फंटा के निकट ब्लैक स्पॉट का दीर्घकालिक सुधार कार्य शामिल है, जिसकी लागत 2.06 करोड़ है। सर्किट हाउस में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई है। यह कार्य 6.61 करोड़ रूपये अनुमानित लागत का है।

एम.एस.एम.ई. मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने इन वित्तीय प्रवाधानों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा और लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह का आभार माना है।

ब्लैक स्पॉटों के सुधार से जहां दुर्घटना में कमी आयेगी, वहीं सर्किट हाउस में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से आवासीय सुविधा में वृद्धि होगी।

# भव्यता के साथ मनाया गया 'आजाद प्रेरणा पर्व'



नव भारत न्यूज

**रतलाम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, रतलाम द्वारा देश के महान क्रांतिकारी अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आज़ाद जी की 120वीं जयंती के पावन अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में 'आज़ाद प्रेरणा पर्व '*का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अमर शहीद के आदर्शों और उनके बलिदान से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और चंद्रशेखर आज़ाद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं महापौर प्रहलाद पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुकूल सोनी ने की। नवनियुक्त जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के प्रभारी कृष्ण डिंडोर सह-प्रभारी सत्यजीत सिंह राजावत विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में चंद्रशेखर आज़ाद के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद जी को नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की अखंडता व संप्रभुता के लिए अपनासर्वस्व समर्पित करने का संकल्प लिया।

# थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और परिवार जनों का नि :शुल्क जांच एवं उपचार

**रतलाम।** मेडिकल कॉलेज के डॉ ध्रुवेंद्र पांडे ने बताया कि जिले में 1 अगस्त को डॉक्टर लक्ष्मी नारायण पांडेय मेडिकल कॉलेज रतलाम में जीवन धारा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत डीन डॉ अनीता मुथा के मार्गदर्शन में मेंदांता फाऊंडेशन, रेड क्रॉस सोसाइटी और काकानी फाउंडेशन, क्लिंटन फाउंडेशन के सहयोग से रतलाम जिले में थैलेसीमिया से पीड़ित सभी बच्चों की स्क्रीनिंग कर आवश्यक जांच उपचार सेवाएं दी जाएगी। शिविर के दौरान गुड़गांव के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। शिविर के दौरान थैलेसीमिया के पीड़ित बच्चों को चिन्हित कर उनका बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन गुड़गांव के अस्पताल में कराया जाएगा। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ की सेवाएं जेनेटिक काउंसलिंग की सेवा, आभा आईडी बनाने की व्यवस्था, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था, पैथोलॉजिस्ट की व्यवस्था, थैलेसीमिया के संबंध में उच्च स्तरीय जांच की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ अनीता मुथा ने थैलेसीमिया से पीड़ित सभी बच्चों एवं उनके परिवारजनों से शिविर में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर सेवाएं प्राप्त करने की अपील की है।

# साइकिल से गिरने से चोट, बुजुर्ग की मौत

**नामली।** थाना क्षेत्र के धोंसवास गांव निवासी 64 वर्षीय बुजुर्ग की साइकिल से गिरने के बाद लगी चोटें आखिरकार जानलेवा साबित हुईं। करीब डेढ़ महीने तक उपचार चलने के बाद इंदौर के एमवाय अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार धोंसवास निवासी कन्हैयालाल मालवीय (64) पिता बालूजी 8 जून को सुबह साइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 22 जुलाई की शाम करीब 7 बजे उनकी मौत हो गई।

# मातृ-शिशु स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं चलेगी... कलेक्टर ने दिखाई सख्ती

- दो एएनएम पर निलंबन प्रस्ताव तैयार करने के आदेश



नव भारत न्यूज

**रतलाम।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की कार्यकर्ता वार समीक्षा की।

कलेक्टर ने शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी प्रकार की आवश्यक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफिसर की शहरी स्वास्थ्य केंद्र और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक पर रोटेशन आधारित ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। गर्भवती माताओ के पंजीयन की स्थिति, गर्भावस्था के प्रथम त्रैमास में गर्भवती माता का पंजीयन करके उनको आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने, नवजात शिशुओं की गृह भेंट आधारित देखभाल करने, हाई रिस्क गर्भवती माता में मॉडरेट और सीवियर एनीमिया के लिए संदर्भ सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत अतिरिक्त पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की व्यवस्था रेड क्रॉस के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु कहा। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत क्षेत्र में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने के लिए दो ए एन एम के निलंबन का प्रस्ताव प्रस्तुत करने एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम में कम उपलब्धि प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। शहरी क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अच्छा कार्य करने वाले दो एएनएम को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने निर्देशित किया।

# 'नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान' के तहत दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रतलाम।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग व पुलिस विभाग रतलाम द्वारा युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय खेल परिसर में एक दिवसीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय युवाओं एवं खिलाड़ियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए 200 मीटर, 400 मीटर व 800 मीटर दौड़ आयोजित की गयी। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। ब्लॉक समन्वयक दुर्गाशंकर मोयल ने बताया की 200 मीटर बालिका वर्ग में प्रथम नयन पाटीदार, द्वितीय आस्था यादव व तृतीय माहेश्वती सिंह विजेता रहीं एवं 400 मीटर बालिका वर्ग में प्रथम खुशबु परमार, द्वितीय सृष्टि खारोल व तृतीय परी दुलगज विजेता रहीं साथ ही 800 मीटर बालिका वर्ग में प्रथम खुशबु परमार, द्वितीय परी दुलगज व तृतीय हर्षिता पांचाल विजेता रहीं। बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रथम कुणाल सिंह, द्वितीय शुभम राठौर व तृतीय प्रदीप सूर्यवंशी रहें, 400 मीटर बालक वर्ग मे प्रथम उमेश पांडे, द्वितीय सुमित राठी व तृतीय लक्ष्मण सिंह रहें एवं 800 मीटर बालक वर्ग में प्रथम सुमित राठी, द्वितीय तिलक खारोल व तृतीय उमेश पांडे विजेता रहें।

# जैनाचार्य जिनचंद्रसूरी का आज जावरा में होगा मंगल पदार्पण

**जावरा।** सद्गुरुदेव, जंगम युगप्रधान, वृहद् भट्टारक, खरतरगच्छाधिपति जैनाचार्य 1008 श्रीपूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब आज 24 जुलाई को श्रीपूज्य गुरुदेव के साथ सान्निध्यवर्ती भावी श्रीपूज्य अमृत सुंदर महाराज साहब, यति सुमति सुंदर महाराज साहब तथा आर्या समकित प्रभा श्रीजी महाराज साहब का जावरा नगरी में मंगल पदार्पण होगा। इस अवसर पर खरतरगच्छ उपाश्रय में श्रीपूज्य गुरुदेव की पावन निश्रा एवं श्रीसंघ की उपस्थिति में प्रथम दादा गुरुदेव श्री जिनदत्त सूरि महाराज साहब के 872वें स्वर्गारोहण दिवस पर श्रद्धापूर्ण गुणानुवाद सभा आयोजित की जाएगी। आयोजन समिति के अजय धारीवाल, शैलेश चोपड़ा, मीडिया प्रभारी शिरीष सकलेचा ने बताया कि 25 जुलाई को प्रातः 9 बजे अंबिका रिसोर्ट में श्रीपूज्य गुरुदेव का मंगल प्रवेश होगा। इस अवसर पर दादा गुरुदेव गुणांजलि कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रमों की शृंखला में 27 जुलाई को श्रीपूज्य गुरुदेव के मंगल सान्निध्य में 'बाल सत्य साधना शिविर' आयोजित होगा। 28 जुलाई की संध्या में भाव-भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें परम गुरुभक्त सिद्धार्थ डागा 'पिंटू स्वामी' अपनी भक्तिमय प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्ति-रस का अमृतपान कराएंगे।



**सांस्कृतिक प्रस्तुति का होगा आयोजन:** श्रीपूज्य गुरुदेव के शिक्षा एवं संस्कार गुरु, स्वतंत्रता सेनानी यति श्री यतनलाल जी महाराज साहब के 50 वें पुण्य-स्मरण वर्ष महोत्सव के अंतर्गत 'परतंत्रता से परम मुक्ति' शीर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति का मंचन भी किया जाएगा। 29 जुलाई को प्रातः 9 बजे से गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। खरतरगच्छ श्रीसंघ एवं सुराणा परिवार अंबिका रिसोर्ट परिवार की ओर से समस्त श्रद्धालुजनों को सभी आयोजनों में सहभागी होकर धर्मलाभ प्राप्त करने हेतु भावपूर्ण आमंत्रण दिया गया है।

**एक नजर में** एसडीएम,एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन, 7 दिन में कार्रवाई न होने पर हड़ताल की चेतावनी

# ग्राम पंचायत मोरया के सहायक सचिव को धमकी पर भड़का संयुक्त कर्मचारी संगठन



नव भारत न्यूज

**जावरा।** जनपद पंचायत जावरा की ग्राम पंचायत मोरया के सहायक सचिव से शासकीय कार्य के दौरान अभद्र व्यवहार, शासकीय कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

गुरुवार को संयुक्त कर्मचारी संगठन ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय जावरा पहुंचकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा और आरोपी श्यामसिंह गुर्जर के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगठन ने इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक कर्मचारी से जुड़ा व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान और निर्भीक कार्य वातावरण का गंभीर विषय है। यदि शासकीय सेवकों को ड्यूटी के दौरान धमकाया जाएगा, तो इससे शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जावरा जनपद की सभी 68 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, सहायक सचिव एवं कर्मचारी अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 7 दिन का अल्टीमेटम, हड़ताल की चेतावनी

संगठन ने प्रशासन को कड़ा अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर दोषी पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो संयुक्त कर्मचारी संगठन लोकतांत्रिक व वैधानिक तरीके से धरना, कार्य बहिष्कार तथा हड़ताल जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**प्रमुख रूप से उपस्थित पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि:** जिलाध्यक्ष जीवन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गोपीचंद पाटीदार, मोरया सरपंच प्रतिनिधि अमरसिंह गुर्जर, सचिव संगठन जिलाध्यक्ष फकीरचंद जाट, जिला सचिव घनश्याम दास बैरागी, ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीलाल पांचाल, सहायक सचिव संगठन जिलाध्यक्ष निर्भयराम पाटीदार, जिला सचिव घनश्याम प्रजापत, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सूर्यवंशी के साथ राज्य कर्मचारी संघ से राजीव आर्य, इंजीनियर संघ से तारीख रहमान सहित जनपद पंचायत जावरा के समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।